# जेल में आदिवासी की हत्या मामले में करें न्याय वर्ना आंदोलन

## गुलाबी गैंग की कमांडर पूर्णिमा वर्मा ने की एएसआई, जेलर व गुंडों पर कार्रवाई की मांग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आदिवासियों के लिए काल बनी मोहन सरकार, पांढुर्णा पुलिस का एएसआई और शराब ठेकेदार अज्जू ठाकुर के दो गुंडों ने इतना पीटा की जेल में हालत खराब होकर वह मर गया। गुलाबी गैंग ने ए.एस.आई., शराब ठेकेदार के गुर्गो और जेलर को तत्काल निलम्बित करने की मांग की है अन्यथा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठूंगी का कहना है गुलाबी गैंग के एम.पी.-छत्तीसगढ़ की कमाण्डर पुर्णिमा वर्मा का।

कल 19 जून को स्थानीय देव होटल छिंदवाड़ा में गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने गत् 03 जून 25 को पॉढुर्णा के तिगॉव में हुई घटना के संबंध में प्रेस कान्फेंस में बताया कि जब उन्हे तिगॉव में हुई इस वीभत्स एवं दर्दनाक घटना और पुलिस कस्टडी में एक आदिवासी के साथ बर्बरता करते हुये उसकी हत्या की जानकारी मिलने पर वे मुंबई प्रवास से सीधे पीड़ित परिवार के पास तिगॉव पहुॅचकर घटना की जानकारी ली और परिवारजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पॉढुर्णा जाकर पुलिस अधीक्षक से फोन पर चर्चा के दौरान उन्होनें कहा कि इस घटना की जांच प्रथम श्रेणी



न्यायिक मजिस्ट्रेट की जांच में लेकर तथाकथित ए.एस.आई. शिवकरण पाण्डे को तत्काल लाईन अटैच कर दिया गया है।

गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी और चश्मदीद महिला जो कि इन्ही की रिश्तेदार है, ने बताया कि शराब ठेकेदार अज्जू ठाकुर के दो आदमी और ए.एस.आई. शिवकरण पांडे ने उसके पति को मारपीट कर जबरन तिगॉंव मांडवी में घर से उठाकर ले गये, जो कि न तो शराब बेच रहा था और न ही शराब की दुकान पर बैठा था, परंतु ए.एस.आई. द्वारा मृतक पर जबरदस्ती शराब आबकारी अधिनियम धारा 34 (2) का मामला बनाया गया और 4 जून को जिला जेल में दाखिल कराया गया । उस समय मृतक शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ्य था परंतु ए.एस.आई. के द्वारा मृतक की छाती में जूते भरे लात मारे गये, उसकी पत्नी ने कहा कि उसके पति ने मृत्यु पूर्व बताया था कि ए.एस.आई. एवं अन्य पुलिस कर्मी ने उसके पति के साथ लात, जूतों से छाती में मारपीट की जिससे उसे छाती में दर्द के साथ-साथ पूरे शरीर में दर्द था, इसके बाद मृतक का जिला जेल के डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया लेकिन हालत में सुधार न होने की वजह से करीब 8 बजे उसे जिला अस्पताल लाया गया जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

इधर पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी शर्मिला पहुॅची और परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये, मृतक की पत्नी का स्पष्ट कहना है कि पुलिस द्वारा उसके पति के साथ बर्बरतापूर्ण मारपीट की गई है, जिससे उसकी पति की आकस्मिक मृत्यु हुई है। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया कि मेरे पति की हत्या शराब ठेकेदार के गुण्डों एवं ए.एस.आई. शिवकरण पाण्डे के द्वारा की गई है, मृतक की पत्नी ने गुलाबी गैंग के सामने न्याय की मांग करते हुये कहा कि हम गरीब आदिवासियों को डराया धमकाया जाता है, भय और आतंक के साये में हम अपना जीवन जी रहे हैं। मेरे पति के साथ जो वीभत्स घटना हुई उसकी पुर्नरावृत्ति और किसी आदिवासी परिवार के साथ न हो, इसके लिये निष्पक्ष रूप से उच्च स्तरीय सी.बी.आई. की जांच की मांग की है।

जिला जेल प्रबंधन की लापरवाही के कारण संबंधित जेलर पर और तथाकथित दुर्घटना के समय जो कर्मचारी डियूटी पर तैनात थे उन पर भी कड़ी कार्यवाही करते हुये गुलाबी गैंग ने देश के केन्द्रीय गृहमंत्री एवं राज्य सरकार से एक सप्ताह के भीतर इन सभी के निलंबन की मांग करता है, निलंबन नहीं होने पर जिला जेल के सामने हम आमरण अनशन पर तब तक बैठेंगे जब तक जिला जेल अधीक्षक का निलंबन नहीं हो जाता।

पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि प्रदेश में मोहन सरकार के काल का ग्रास बनता आदिवासी जन समुदाय एक चिंता का विषय अगर गंभीरता से इस पर निर्णय नहीं लिया जाता है, तो आदिवासी जन समुदाय के साथ जेल तिराहे छिंदवाड़ा में आमरण अनशन पर बैंठेगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व जिला प्रशासन का रहेगा। बता दें कि पांढुर्णा में शराब ठेकेदार के लोगों और ए.एस.आई. के कारण आदिवासियों के बीच स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है और पूर्णिमा वर्मा ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और केन्द्रीय गृह मंत्री, एस.टी.एस.सी. आयोग को भी शिकायत की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पौधारोपण के लिये तैयार किए जा रहे पौधे




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांढुर्णा कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के मार्गदर्शन में विकासखंड सौंसर के सेक्टर क्रमांक- 02 के बोरगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत व पर्यावरण संरक्षण के लिए छायादार एवं फलदार वृक्षों के लिये पौधारोपण कार्य हेतु नर्सरी निर्माण किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था सुदर्शन समाज कल्याण समिति सौंसर के सचिव सचिन खण्डाईत एवं ग्राम की प्रस्फुटन समिति धोतकी के सभी सदस्य का सहयोग मिल रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस नर्सरी से तैयार पौधे इस सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों में पौधारोपण के लिये पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे।

### सार-समाचार

## पेंचवेली में भटकते बालक को परिजनों से मिला कर लौटाई खुशियां

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस कंट्रोल रुम छिन्दवाड़ा में दिनांक गत 18 जून 2025 की रात्रि 11.30 बजे जी.आर.पी. पुलिस थाना आमला जिला बैतूल से सूचना प्राप्त हुई कि एक 06 वर्ष का बालक जो इंदौर-छिन्दवाड़ा पेसेंजर (पेंचवेली) ट्रेन में जी.आर.पी. पुलिस को ट्रेन के डिब्बे में दरवाजे के किनारे अकेले बैठे हुए मिला हैं जिससे पूछताछ करने पर बताया कि घर में माता-पिता के डाँटने पर गुस्से में आकर घर में अपने माता-पिता से बिना बताये भोपाल रेल्वे स्टेशन पहुँचकर पेंचवली ट्रेन में बैठकर भागकर आया हैं। छिन्दवाड़ा जा रहा है। ग्राम पटनिया जिला छिंदवाड़ा का रहने वाला हैं। बालक को जी.आर.पी. पुलिस द्वारा ट्रेन से सुरक्षित उतारकर चौकी आमला में रखा गया।

बालक के संबंध में पुलिस कंट्रोल रुम में रात्रि ड्यूटी में तैनात आर. 727 महेन्द्र साहू द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना कंट्रोल रुम प्रभारी को अवगत कराकर प्रभारी के निर्देशानुसार बालक के परिजनो की पतासाजी हेतु चौकी प्रभारी सिगोंड़ी उपनिरीक्षक पंकज राय से बालक के संबंध में बताने पर चौकी प्रभारी द्वारा रात्रि 02:00 बजे बालक व उसके परिजनो की जानकारी संकलित कर बताई गई जो पता चला कि बालक का पिता रुसलाल पिता गौधन भलावी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पटनिया का बनी मजदूरी करने के लिये परिवार सहित भोपाल चला गया हैं।

भोपाल में गेहूँखेड़ा कोलार में रहता हैं, जानकारी प्राप्त होने पर संपर्क कर उनको बालक के बारे में विस्तृत जानकारी बताई गई और जी.आर.पी. थाना आमला जिला बैतुल फोन कर बालक के माता-पिता से संपर्क कराया गया। बालक के परिजनो के जी.आर.पी. चौकी आमला बैतुल पहुँचने पर बालक के पिता रुसलाल पिता गौधन भलावी उम्र 30 साल निवासी ग्राम पटनिया चौकी सिगोंडी (अमरवाड़ा) हाल गेहूँखेड़ा कोलार (भोपाल) को बालक को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिवारजनो द्वारा पुलिस टीम का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए प्रशन्नता जाहिर की गई। इस काम में पुलिस कंट्रोल रुम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डी.एस. शेन्डे, आर. महेन्द्र साहू, महिला आरक्षक शीतल बाघमारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुख्य मार्ग, ओवरब्रिज व बरमान रोड से हटाया अतिक्रमण

**करेली, देशबन्धु।** नगर पालिका करेली द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने की सघन कार्रवाई की गई। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में चलाया गया, जिसमें अतिक्रमण रोधी दस्ते ने शहर के अत्यंत व्यस्त मार्गों से अवैध कब्जों को हटाया।

कार्रवाई का मुख्य फोकस बरमान रोड, नरसिंहपुर रोड तथा ओवरब्रिज के नीचे की ओर रहा, जहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक बाधित हो रहा था और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। हरई माता रोड,स्टेट बैंक वाली रोड से भी पूर्व में सड़क किनारे अस्थायी दुकानों, ठेलों व अन्य अतिक्रमणों को हटाकर रास्तों को चौड़ा किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुगम बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका समय-समय पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

नगरवासियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में सहायक सिद्ध होगी और आम लोगों को राहत मिलेगी। अतिक्रमण हटने से अब शहर की सड़कों पर पहले से अधिक जगह और साफ-सफाई देखने को मिलेगी।

नगर पालिका द्वारा यह संदेश भी दिया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

## आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा की सरकार में आदिवासी हर स्तर पर शोषित होकर पीड़ित बन रहा है। जिले के जिम्मेदार व शासन-प्रशासन पूरी तरह से मौन बना हुआ है जिसके चलते अपराधियों के हौसले दिन पर दिन बुलंद हो रहे। विगत कुछ दिवसों में छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में आदिवासी परिवारों के साथ हुई आपराधिक वारदातों से आदिवासी समाज आक्रोशित है। पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने व आपराधियों पर ठोस कार्रवाई की लगातार मांग करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रस्तुत कर उचित कार्रवाई के लिए मांग की।ज्ञापन में कहा कि म.प्र. में




आदिवासियों के साथ शोषण, अत्याचार दुष्कर्म सहित अन्य जघन्य वारदातें लगातार बढ़ रहे है।

प्रदेश की भाजपा सरकार इस पर कोई संज्ञान नहीं ले रही ना ही कोई कार्रवाई कर रही है। खण्डवा, सिवनी, मण्डला, बालाघाट व डिण्डौरी सहित अब छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में आदिवासियों पर जघन्य अपराध घटित हुए हैं और कार्रवाई शून्य है। आदिवासियों पर अत्याचार निवारण की राशि विगत दो वर्षों से बंद हैं। गत दिवस पांढुर्ना जिले के निवासी आदिवासी भाऊराव उइके को झूठे प्रकरण में फंसाकर उसके साथ पुलिस अभिरक्षा में बुरी तरह मारपीट की गई जिससे उसकी जिला जेल में मौत हो गई।

छिन्दवाड़ा जिले के तामिया ब्लॉक में दो दबंग साहू परिवार के युवाओं ने आदिवासी परिवार की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी। नवेगांव थाना अंतर्गत नाबालिग बच्ची के साथ दो लोगों ने दुष्कर्म किया। आरोपी आज भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जुन्नारदेव में दो अलग-अलग दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। चौरई थाना अंतर्गत राजलवाड़ी में दो दबंग लोगों ने आदिवासी युवक को अर्धनग्न कर घुमाया और मारपीट की गई। सम्पूर्ण प्रकरणों ने यह साबित कर दिया है कि जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी है। पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी हाथ में हाथ बांधकर बैठे हैं। कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने सम्पूर्ण आपराधिक मामलों के आरोपियों पर ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## 1067 भारिया परिवारों को मिले पक्के आवास



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार के नेतृत्व में एक सराहनीय पहल के तहत प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 1067 भारिया जनजाति परिवारों को न सिर्फ पक्के आवास की सुविधा मिली, बल्कि सामग्री की सामूहिक खरीदी से करीब एक करोड़ की बचत भी संभव हुई।

प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत जिले को कुल 5825 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके अंतर्गत चौरई, हर्रई, तामिया, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव एवं परासिया जनपद के दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत भारिया हितग्राहियों को योजना का लाभ देना एक चुनौती था। ग्रामों की दूर-दराज़ स्थिति (जिला मुख्यालय से 100-125 कि.मी.) और पहुँच विहीन क्षेत्रों के कारण स्थानीय विक्रेताओं द्वारा महंगे दाम और कम गुणवत्ता वाली सामग्री हितग्राहियों को दी जा रही थी। इससे कई परिवारों ने आवास निर्माण में रुचि ही लेना बंद कर दिया था, जिससे योजना की प्रगति बाधित हो रही थी।

### चौरई, हर्रई, तामिया, अमरवाड़ा, जुन्नारदेव व परासिया में पीएम जनमन के तहत बने मकान

इस स्थिति को बदलने के लिए कलेक्टर श्री सिंह एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत श्री कुमार द्वारा स्वयं मौका स्थल का भ्रमण कर हितग्राहियों से चर्चा की गई और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया गया। इसके बाद जनपद पंचायतों के अमले, सहायक यंत्री और ग्राम पंचायतों के सहयोग से सामूहिक बैठकें आयोजित की गईं जिसमें ग्रामवासियों और सामग्री विक्रेताओं के साथ संवाद स्थापित कर कम दर पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई।

जनपद स्तर पर थोक विक्रेताओं से संपर्क कर सामग्री की दरों का पूर्व निर्धारण किया गया। सीमेंट, ईंट, गिट्टी, सरिया, सेंटरिंग आदि निर्माण सामग्री स्थानीय दरों से 2 से 55 रूपये तक सस्ती दरों पर हितग्राहियों के ग्रामों में ही बल्क में पहुँचाई गई। इस नवाचार से न केवल परिवहन लागत बची, बल्कि समय पर सामग्री मिलने से अधिकांश हितग्राहियों ने 2 माह से भी कम समय में अपने पक्के आवास तैयार कर लिए।

इस पहल से 1067 परिवारों को 99,21,443 रूपये की सीधी बचत हुई, यानी प्रति परिवार लगभग 9,298 रूपये की औसत बचत। साथ ही 1052 आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है और शेष 508 आवास शीघ्र पूर्ण होने की ओर अग्रसर हैं।

यह नवाचार न केवल योजनागत लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बना बल्कि इससे हितग्राहियों को ठगने वाले बिचौलियों से भी मुक्ति दिलाई गई। अब जिले के अन्य नवीन स्वीकृत आवासों में भी इसी मॉडल को अपनाने की योजना है।

कलेक्टर शीलेंद्र सिंह एवं सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार के सतत मार्गदर्शन, निगरानी और समस्या समाधान की तत्परता से यह प्रयास जिले में जनजातीय हितग्राहियों के लिए एक मिसाल बन गया है, जो शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने का एक आदर्श उदाहरण बन गया है।

## सिकल सेल मुक्त छिन्दवाड़ा बनायेंगे : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हर साल दुनिया भर में 19 जून वर्ल्ड सिकल सेल डे के रूप में मनाया जाता है। सिकल सेल बीमारी एक अनुवाशिंक जेनेटिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में आती है। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू के विशेष प्रयास से गुरुवार को तामिया जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सिकल सेल मरीजों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से आयोजित किया गया है। सांसद ने देवी सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर पर सांसद विवेक साहू ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर हौम्योपैथिक वेलफेयर ऐसोशियेसन द्वारा स्वास्थ शिविर में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। हमारे प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल की विशेष रूचि सिकल सेल उपचार दिलाने की है। उन्होंने 15 साल पहले एक सिकल सेल पीड़ित बच्चे का वाकया सुनाया। उस बच्चे के माता पिता नहीं थे। उनके दादा को बहुत प्रयास के बाद ब्लड नहीं मिला। रात में बच्चे का निधन हो गया।

दूसरे दिन अखबारों में पढ़ा तब महसूस हुआ कि ये हम सबके लिए अभिशाप है। तबसे प्रयास शुरू किया। बाद में जानकारी मिली सिकल सेल के उपचार के लिए हौम्योपैथिक सबके लिए कारगर होने के साथ सकारात्मक परिणाम सामने आए। आज जिले में 1856 में तथा तामिया के 272 सिकल सेल मरीज है। पहले उपचार से रोग को रोका जा सकता है। हमारे देश मे कई लोग उपचार के बिना मर जाते है। सरकार सब कुछ कर रही है सिकल सेल मरीजो को प्रतिमाह 300 रूपये दिए जा रहे है। बीमारी से डरे नहीं इलाज कराए आधी रात को हम तैयार है।

मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री ने बताया कि सिकल सेल बीमारी मे शरीर के रेड ब्लड सेल्स में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है, जिसके कारण आपके सेल्स का आकार गोल नहीं बनता है, जिससे ये सेल्स गलत हँसिया आकार में नजर आते हैं। इसलिए इस बीमारी को सिकल (हंसिया) सेल कहा जाता है। इस बीमारी के कारण पीड़ित व्यक्ति में ऑक्सीजन ट्रांसपोर्ट, इंफेक्शन, दर्द और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान हो सकता है। इसलिए लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरुकता बढ़ाने वर्ल्ड सिकल सेल डे मनाया जाता है।

सिकल सेल ऐसी बीमारी में रक्त कनिका हंसियाकार हो जाती है रक्त की कमी हो सकती है। रक्त शरीर मे ही बनता है

### तामिया स्वास्थ्य शिविर आयोजित



इसलिए अधिक संख्या में स्वस्थ लोगो का रक्तदान करना ही विकल्प है। बीते साल छिंदवाडा जिले में 4 लाख 11 हजार स्क्रीनिंग किया गया इस बार 2 हजार स्क्रीनिंग हुई। वर्तमान में जिले में सिकल सेल के 1856 रोगियों का उपचार जारी है। पी एम मोदी की मंशा के अनुरूप 2047 तक सिकल सेल उन्मूलन का लक्ष्य है।

हौम्योपैथी वेलफेयर एशोसिएशन छिंदवाड़ा की अध्यक्ष डॉ. सपना साहू ने कहा कि सांसद विवेक साहू के विशेष प्रयास से इस शिविर का आयोजन हुआ । विश्व मे सिकल सेल में भारत दूसरे नंबर में है। जापान और इटली इस रोग से मुक्त हो चुके है। हम सभी के प्रयास से 2047 में भारत को मुक्त कर सकते है।।

## कांग्रेस ने पौधरोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के युवा नेता व नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस पर स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने राहुल गांधी की दीर्घायु के लिये ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुये केक काटकर उत्साह व उल्लास से जन्मदिन मनाया। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि संघर्ष सीखना है तो राहुल गांधी से सीखना चाहिये जो निरंतर भाजपा सरकार व उसके द्वारा कुरचित षड्यंत्रों का सामना करते हुये पार्टी को पुनः सशक्त करने के साथ ही भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की खिलाफत कर आम जन के अधिकारों को सुरक्षित रखने का काम कर रहे हैं।

देश में होने जा रही जातिगत जनगणना का श्रेय राहुल को ही जाता है, उन्होंने लगातार मांग उठाई जिसके चलते सत्तासीन भाजपा को अंत में झुकना पड़ा और जातिगत जनगणना के लिए राजी होना पड़ा। कांग्रेस उनके नेतृत्व में लगातार सशक्त हो रही है।

# दबंगों ने किया यौन शोषण, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

## गुलाबी गैंग ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 19 जून को पीड़िता ने देव होटल में गुलाबी गैंग की प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि जिले के दबंगो मोन्टी पिता कुण्डलिक अल्डक उम्र करीब 40 वर्ष जाति कुन्बी, एक महिला पति मॉटी अल्डक उम्र करीब 25 जाति कुन्बी थुनिया उदना, चारगांव थाना देहात तहसील व जिला छिंदवाड़ा, सुनील कंटक पिता नामालूम उम्र करीब 45 वर्ष जाति कुन्बी, निवासी- चंदनगांव, थाना देहात, तह. व जिला छिंदवाड़ा, निरंजन ठाकरे पिता मुरली उम्र करीब 40 वर्ष जाति कुन्बी, एक महिला पति निरंजन ठाकरे उम्र करीब 35 वर्ष जाति कुन्बी दोनों निवासी- थुनिया उदना, चारगांव थाना देहात, तहसील व जिला छिंदवाड़ा, 18 वर्षीय युवक जाति गारपगारी एवं एक नाबालिग उम्र करीब 16 वर्ष, जाति गारपगारी सभी अनावेदकगणों द्वारा आवेदिका युवती के साथ षडयंत्र कर मारपीट, अपहरण एवं बलात्कार किये जाने की शिकायत उसके द्वारा थाना प्रभारी देहात एवं पुलिस अधीक्षक को करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

पीड़िता ने बताया कि वह आदिवासी समुदाय से आती है एवं कम पढ़ी-लिखी है व मानसिक रूप से कमजोर है, तथा आवेदिका और उसका परिवार मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करता है। दिनांक 01 जून 2025 की शाम घर नहीं लौटी तो आवेदिका के परिवार वालों द्वारा दिनांक 02 जून 2025 को पुलिस थाना देहात को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी।



आवेदिका दिनांक 01 जून 2025 को गांव के अनावेदकगणों के साथ काम करने के लिए ग्राम गुरैया स्थित शांति बेयर हाउस में गई थी, छुटटी के बाद शाम करीब 06 बजे आवेदिका घरेलू सामान खरीदने के लिये बाजार में रूकी। युवती ने दो लोगों को फोन कर बुलवाई और तब वे गुरैया बाजार में आये, और आवेदिका को जबरदस्ती बलपूर्वक टू व्हीलर में बैठाकर मोंटी के घर गुरैया देव ले गये, जहाँ आवेदिका को रात भर कमरे में बंद करके रखा गया।

अगले दिन सुबह करीब 9 बजे सभी अनावेदकगणों द्वारा आवेदिका को जबरदस्ती मारपीट कर फोर व्हीलर में बैठाकर पातालेश्वर मंदिर छिंदवाड़ा ले गये, जहाँ पर आवेदिका का बलपूर्वक फर्जी झूठा विवाह सुनील कंटक से कराया गया।

उसके पश्चात् आवेदिका को बाहर ताला लगाकर रखता था, और फोन से बात करने नहीं देता था। अनावेदक द्वारा 12 दिनों तक आवेदिका की इच्छा के विरूद्ध आवेदिका के साथ बलपूर्वक जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था, तथा आवेदिका के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देता था, और कहता कि यदि अपने परिवार या पुलिस को कोई बात बताई तो तुझे और तेरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा।

इसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस में पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने बताया है कि पुलिस में रिपोर्ट की गई तो थाने में कहा गया कि तुम्हारी लड़की मिल गई है कोई एफ.आई.आर. नहीं होगी, तुम जाओ, इस तरह सामूहिक दुराचार के बावजूद पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं किया जाना यह सिद्ध करता है कि महिला, युवतियां अब जिला और प्रदेश में सुरक्षित नहीं है जबकि आरोपियों के खिलाफ अब तक अपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया जाना था।

# विद्युत वायर चोरी होने से बिजली बंद, वेकोलि जीएम को सौंपा ज्ञापन



**परासिया, देशबन्धु।** ग्राम जाटाछापर में अज्ञात तत्वों द्वारा लगभग 60 मीटर विद्युत वायर केबल काट कर चोरी किए जाने के बाद लगभग दस दिनों से वे.को.लि. कॉलोनी में अंधेरा छाया हुआ है इस कारण रामपुरी तथा जाटाछापर की कॉलोनियो में बिजली सप्लाई बंद होने से बारिश के समय में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी तरह नॉर्थ चांदामेटा में मेंटेनेंस के अभाव में पिछले एक माह से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है जिसके कारण यहां निवास करने वालों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में गुरुवार को जनपद उपाध्यक्ष जमील खान तथा सरपंच नरेंद्र धुर्वे ने पेंच महाप्रबंधक अनूप हंजुरा से मुलाकात कर समस्या बताई और उन्हें ज्ञापन सौपकर कार्यवाही की मांग की गई है।

# भाजपा छिन्दवाड़ा ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद विवेक साहू, संभागीय प्रभारी कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल द्वारा भाजपा छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल समिति घोषित की गई। भाजपा छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश पटेल, गेंदसिह बानखेड़े, बलवान चौरिया, गीता हरिराम पाल, दिव्यकांत (गोलू) यादव, अरविंद सावले, महामंत्री धनकुमार वानखेड़े, फुलेश सूर्यवंशी, मंत्री नारायण चौरे, कल्पना ठाकरे, करण यदुवंशी, श्रध्दा दुबे, भूमिका चौरे, रेखा चन्द्रवंशी, कोषाध्यक्ष बेजंतीबाई, कार्यालय मंत्री रामकिशन कुमरे, मीडिया प्रभारी मनीष साहू, आई.टी. प्रभारी आशिक मरकाम, सोशल मीडिया प्रभारी खुशबु मोहोरे, मन की बात प्रमुख गोपाल सिंह रघुवंशी, व्हाट्सलप ग्रप प्रमुख मुकेश पाटस्कर, लाभार्थी प्रमुख पवन पटेल, बीएलए प्रमुख राहुल वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनोहर शिवहरे, अंकित रघुवंशी, नरेश जैन, धमेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र रघुवंशी, शिवनारायण पाटस्कर, देवीसिंह चौरिया, राधेश्याम पटेल, घनानन्द चौरे, झनकलाल बजौलिया, संतकुमार यदुवंशी, आर.के. मरकाम, सुरेश सल्लाम, भारती साहू, लक्ष्मण लाड़े, संगीता परतेती, शशि कुमरे, संदीप सिंह रघुवंशी, नवीन पटेल, सुनिता/सतीश साहू, रामकरण धुर्वे, कंचन धमेन्द्र ठाकुर, निधि कन्हैया सूर्यवंशी, लक्ष्मी विजय साहू, सुशील चौधरी, पार्वती शंकर उइके, सूर्यभान पटेल, शिखा ठाकरे, संगीता डोले, आशीष पटेल, सुनैयन वर्मा/धनंजय वर्मा, मीनाक्षी वर्मा/संतोष वर्मा, भारती भट्ट/मनोज भट्ट, सुरेश पटेल, अंजली सरेयाम/रविन्द्र सरयाम, दयरांती/लाल सिंग, अमिता/ओम प्रकाश यादव नियुक्त किए गए ।

## भाजपा चौरई नगर मंडल कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, सांसद विवेक साहू, संभागीय प्रभारी कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक, विधानसभा प्रभारी, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा चौरई नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय द्वारा भाजपा चौरई नगर मंडल समिति घोषित की गई। भाजपा चौरई नगर मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष चन्द्रभान सोनी, सुशील वर्मा, दिलीप चौहान, केशव तिवारी, अवनीत सोनी, प्रीति माखन वर्मा, महामंत्री राजेन्द्र संद्राम, अनमोल चौधरी, मंत्री दीपक वर्मा, श्रीमति ऋतु चौरसिया, अलका कुशराम, मुसुम वर्मा, ममता सोनी, आनंद चौरसिया, कोषाध्यक्ष अनुराग जैन, कार्यालय मंत्री सुमित सराठे, मीडिया प्रभारी विनोद पाल, आई.टी प्रभारी ओम नरेश शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी दानसिंग चन्द्रवंशी, मन की बात प्रमुख शिवराम वर्मा, व्हाट्सलप ग्रुप प्रमुख अनिल वर्मा, लाभार्थी प्रमुख संजय तिवारी, बीएल प्रमुख कल्याणसिंह राजा राय, कार्यकारिणी सदस्य सिरपत नायक, संजय सुकांत, सुरेन्द्र सोनी, भुजेन्द्र शर्मा, मुकेश वर्मा, अमित सोनी, नवीन मिश्रा, रोशनसिंह बैस, सुमरन साहू, महेन्द्र वर्मा, टीकाराम वर्मा, अनिल शर्मा, शारदा प्रसाद तिवारी, सादिक अली मीर, यश रघुवंशी, कुलदीप दाहिया, दिनेश मिश्रा, हेमंतगिरी गोस्वामी, गोविन्द दंताले, अनिल रघुवंशी, आनंद भारद्वाज, कमलेश जैन, बबीता चौरे, नीलू निर्मलकर, दुलारी दीपा राय, सोनम राय, पार्वती यादव, जगवती वर्मा, संगीता राजपूत, नेहा कसार, आरती वर्मा, शिवानी वर्मा, सुक्को डेहरिया, कीर्ति ठाकुर, ज्योति यादव, मीरा नरेश वर्मा, रामरेखा बाई नियुक्त किए गए ।

## भाजपा परासिया नगर मंडल कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादवए सांसद विवेक साहू, संभागीय प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी संतोष पारिक, विधानसभा प्रभारीए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से भाजपा परासिया नगर मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी द्वारा भाजपा परासिया नगर मंडल समिति घोषित की गई। भाजपा परासिया नगर मंडल की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष दीपक आरसे, ब्रजेश सोनू त्रिवेदी, अंकुश मेहरा, भगवानदास झा, दीप अक्षय भनारिया, दिलीप ठाकुर, महामंत्री राजकुमार सिंह, सुजाता तिवारी, मंत्री तेजवन्ति विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, अर्चना सूर्यवंशी, मीना पगारे, सुनीता बुनकर, अखिलेश डेहरिया, कोषाध्यक्ष हरमीत ईशू खंडूजा, कार्यालय मंत्री मनमोहन डेहरिया, मीडिया प्रभारी मनोज खेलवाड़ी, आईटी प्रभारी मुकेश जोहर, सोशल मीडियाप्रभारी तोफ्कि खान, मन की बात प्रमुख कार्तिक चौरसिया, व्हाट्सग्रुप प्रमुख आकाश नागवंशी, लाभार्थी प्रमुख विक्की बन्देवार आदि।

# एमएलबी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

## विश्व सिकल सेल दिवस पर रेडक्रास सोसायटी ने किया जागरूक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा द्वारा कलेक्टर एवम अध्यक्ष शीलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अल्पना शुक्ला, रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉक्टर एस.ए. ब्राउन, जिला रेडक्रास सोसायटी सदस्य विनोद तिवारी, एम.एल.बी. स्कूल की प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा जैन, श्रीमती कृष्णा महीरे, प्रंजुल सिन्हा, गरिमा बत्रा, राकेश श्रीवास्तव एवम मुरलीधर राव सहित समस्त स्टाफ एवम बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यक्रम में डॉक्टर अल्पना शुक्ला ने सिकल सेल होने के कारण एवम होने के बाद सावधानियां की विस्तृत जानकारी बच्चो को प्रभावी तरीके से दी। रेडक्रास सोसायटी के सचिव डॉक्टर एस.ए. ब्राउन ने जिला रेडक्रास सोसायटी के उद्देश्य से परिचित करवाते हुए विश्व सिकल सेल दिवस पर छिंदवाड़ा के आदिवासी क्षेत्र में बढ़ते सिकल सेल के ग्रसित लोगों की संख्या में वृद्धि पर चिंता जाहिर करते हुए इसकी जांच करवाने का सभी से आग्रह किया। इस अवसर पर रक्तदान महादान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए रेडक्रास सोसायटी के विनोद तिवारी ने सभी को रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला एवम सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य अलका श्रीवास्तव ने सिकल सेल दिवस पर बच्चियों को जागरूक करने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की।

# डीडीसी कॉलेज में तीन दिन होगा योग, ध्यान व प्राणायाम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जीवन में स्वस्थ रहने के मनुष्य को प्रतिदिन सुबह योग, ध्यान, प्राणायाम का अभ्यास नियमित रूप से करना चाहिए। इसी उद्देश्य डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा की एन.एस.एस. इकाई के द्वारा तीन दिवसीय योग ध्यान प्राणायाम का प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय के परिसर में लगाया जाएगा।

संस्था की प्राचार्य प्रो. एस. हाबिल के निर्देशन में एवं एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफ्ड़े के मार्गदर्शन में योग शिक्षिका जयश्री घोड़े एवं संगीता बेंडे द्वारा विश्व योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल का अभ्यास महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को कराया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 19 से 21 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। उपस्थित छात्र छात्राओं को करें योग रहे निरोग सभी से आवाहन कर जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील राउत, कुमारी महिमा यादव, हर्ष गुप्ता, यश मालवीय, शिवानी सलामे, जेबा अंसारी, एन.एस.एस. के वरिष्ठ छात्र नितिन गडकरी, यशवंत प्रजापति, अजय इरपाची का विशेष योगदान रहा।

# बस स्टैंड से हटाया अतिक्रमण, आनंद हास्पिटल पर जुर्माना



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर सहायक आयुक्त मीना कोरी ने निगम अतिक्रमण दस्ते के साथ स्वामी विवेकानंद परिसर में स्थित राजीव गांधी बस स्टैंड में अतिक्रमण विरोधी चालानी कार्यवाही की।

बस स्टैंड परिसर में बनाए गए सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए कमरे में आनंद हॉस्पिटल द्वारा अपना सामान रख लिया गया था, जिसके कारण परिसर में असुविधा उत्पन्न हो रही थी। इसके साथ ही अन्य दुकानदारों द्वारा भी दुकान की तय सीमा से बाहर व्यवसाय किया जा रहा था।

इन अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए निगम के अतिक्रमण दल ने उक्त स्थानों से अतिक्रमण को हटाया। इसके साथ ही आनंद हॉस्पिटल पर 7000 रुपए तथा अन्य तीन दुकानदारों पर 500-500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई।

इसके उपरांत बस स्टैंड में ही गाड़ी वाशिंग सेंटर चालक द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी दल द्वारा हटाया गया।

यह कार्यवाही निगम द्वारा सतत हर बाजार क्षेत्रों सड़को में जारी रहेगी और परासिया रोड के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों पर तहसीलदार कार्यवाही करेंगे।

# सक्षम के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज शुक्रवार 20 जून 2025 को परासिया रोड स्थित आधार फाउंडेशन में सामाजिक संस्था सक्षम अपना स्थापना दिवस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर मानवेगा, यह शिविर पहलगांम के हमले में शहीद हुए सभी मां भारती के लाल को समर्पित होगा।

जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से होगा, जिसके मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा जिले के संसद विवेक बंटी साहू, विशेष अतिथि नपानि महापौर विक्रम अहाके रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगे।

शिविर के आयोजक सक्षम के जिला अध्यक्ष महेश किन्थ एवं आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे ने नगर वासियों से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। सभी रक्तदाताओं को सांसद विवेक बंटी साहू के हस्ते प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जावेगा। यह रक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती सिकलसेल रोगियों के स्वास्थ लाभ के लिए विशेष रूप से उपयोग में लाया जाएगा की जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए दीपकराज जैन ने कहा है कि रक्तदान महादान है और रक्तदान कर जीवन बचाया जा सकता है इसलिए रक्तदान अवश्य करें।

# भीम आर्मी आजाद समाज ने नए कोतवाली टीआई का किया स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हाल ही ने कोतवाली पुलिस थाने के टीआई गुलानी की बिदाई का कार्यक्रम संपन्न होते ही उनके पद भार को संभालने के लिए नए टी आई आशीष धुर्वे की नियुक्ति कोतवाली थाने में नियुक्ति हुई है ।

इसी को देखते हुए भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी की पूरी टीम ने नए टी आई आशीष धुव से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर एक सौजन्य भेट की। इस वक्त आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष प्रदीप जुलमे और भीम आर्मी अध्यक्ष शिवप्रकाश मंडराह द्वारा पुष्प गुच्छ देकर शहर छिंदवाड़ा में पदस्थ होने के लिए बधाई और धन्यवाद दिया।

टीआई ने भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी को समाज में शिक्षा पर जोर देने हेतु उपक्रम चलने की बात की एवं उनके द्वारा बताया गया कि एस सी/एस टी एक्ट के मामलों में जाती प्रमाण पत्र नहीं होने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना पुलिस को करना पड़ता है और समाज को भी परेशानी होती इसलिए समाज को जाती प्रमाणपत्र के प्रति सजग करने की सलाह दी गई।

इस वक्त शहर की सुव्यवस्था और शांति बनी रही इसपर भी खुल कर चर्चा की गई। इस वक्त भीम आर्मी जिला अध्यक्ष शिवप्रकाश मंडरा, आजाद समाज पार्टी जिला अध्यक्ष प्रदीप जुलमे, आजाद समाज पार्टी उपाध्यक्ष गोलू रोड़े, भीम आर्मी उपाध्यक्ष जितेंद्र कोचे, आजाद समाज पार्टी आई टी सेल जिला प्रभारी विनोद पाटिल आदि उपस्थित रहे।

